हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 152 देहरादून, सोमवार, 05 दिसंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



केदारनाथ की तर्ज पर अब महासू देवता व जागेश्वर मंदिर का बनेगा मास्टर प्लान : सतपाल महाराज 3

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 10 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ किया

## आई०एस०बी०टी० से मालदेवता और आई०एस०बी०टी० से सहसपुर रोड चलेंगी इलैक्ट्रिक बसें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 दिसंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से देहरादून स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 10 इलैक्ट्रिक बसों का विस्तारित मार्ग आई०एस०बी०टी० से मालदेवता एवं आई०एस०बी०टी० से सहसपुर रोड के संचालन का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने टिकिट लेकर घंटाघर तक बस में यात्रा भी की। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 20 इलैक्ट्रिक बसों का संचालन देहरादून में पहले से ही किया जा रहा है। उन्होंने सी.ई.ओ. स्मार्ट सिटी/जिलाधिकारी देहरादून सोनिका को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाये कि इन बसों के आने-जाने की समयावधि की आम जन को जानकारी हो।

**देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड की दून कनैक्ट सेवा के अंतर्गत 20 बसों का संचालन देहरादून शहर के 04 मार्गों पर पहले से किया जा रहा है**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत अब जो 30 इलैक्ट्रिक बसें संचालित की जा रही है। इससे देहरादून के विभिन्न यात्रा मार्गों पर जाने के लिए यात्रियों को काफी सुविधा होगी। यात्रियों को आवागमन के लिए सहज एवं सरल सुविधा मिलेगी। इलैक्ट्रिक बसों के संचालन से पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होगा। ग्रीन एवं क्लीन सिटी के लिए भी इन बसों के संचालन से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बस के संचालन का मुख्य उद्देश्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देना है। इन बसों के संचालन से वायु एंव ध्वनि प्रदुषण कम होगा।





देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड की दून कनैक्ट सेवा के अंतर्गत 20 बसों का संचालन देहरादून शहर के 04 मार्गों आई०एस०बी०टी से राजपुर, आई०एस०बी०टी० से रायपुर- सेलाकुई, आई०एस०बी०टी० से सहस्त्रधारा एवं आई०एस०बी०टी० से एयरपोर्ट तक पहले से ही संचालन किया जा रहा है। इनमें अभी तक कुल 12.47 लाख यात्रियों द्वारा सफर किया जा चुका है तथा कुल 2 करोड़ 41 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है। पहले से चल रही बसों में यात्रियों की अधिक संख्या एवं स्थानीय निवासियों एवं यात्रियों के द्वारा अतिरिक्त बसों की इस रूट पर मांग के दृष्टिगत स्थानीय जनता को अधिकतम लाभ पहुचाने के लिए आई0एस0बी0टी0 से रायपुर रूट को विस्तारित कर मालदेवता तथा आई०एस०बी०टी० से सेलाकुई रूट को विस्तारित कर सहसपुर तक नई बसों को संचालित किया जा रहा है ।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, मेयर सुनील उनियाल गामा, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, सीईओ स्मार्ट सिटी सोनिका उपस्थित थे।

# नेवी डे : गवर्नर और सीएम धामी ने किया नौ सेना के शौर्य को सलाम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 दिसंबर , नौसेना दिवस के अवसर पर देहरादून में राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल( से.नि. ) गुरमीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से "इण्डियन वार्निंग इनफार्मेशन एंड नेविगेशन सर्विस" व "मैरीटाइम इनफार्मेशन चार्ट" का लोकार्पण किया, साथ ही नौ सेना की प्रदर्शनी का अवलोकन कर देश की सुरक्षा में नौसेना के योगदान की सराहना की।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल( से.नि. ) गुरमीत सिंह ने नौसेना दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना पर हम सब को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज के दिन 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना के 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' की उपलब्धियों को भी याद करने का दिन है। राज्यपाल ने कहा



कि जिस ट्रांसफॉर्मेशन, डिजिटलीकरण के साथ मैप बनाने का कार्य भी भारतीय नौसेना कर रही है, वह हम सब के लिए गर्व की बात है।


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी नौसेना दिवस के अवसर पर नौसेना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नौसेना का इतिहास शौर्य और पराक्रम का रहा है। राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय में जिस प्रकार नौसेना द्वारा साइंस एवं टेक्नोलॉजी का उपयोग कर डिजिटल मैप तैयार करना आरम्भ किया गया है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को साकार कर रहा है।इस दौरान चीफ हाइड्रोग्राफर, वाइस एडमिरल अधीर अरोड़ा ज्वाइंट चीफ हाइड्रोग्राफर, रियल एडमिरल लोचन सिंह पठानिया समेत नौसेना के अफसर मौजूद रहे।



# डॉग शो में एक क्यूट डॉगी ने बिखेरा जलवा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून के हाथीबड़कला स्थित सर्वे स्टेडियम में रविवार को माहौल देखते ही बन रहा था। कोई डॉग को हाथों में लेकर सहला रहा था तो कोई विभिन्न ब्रीड्स के डॉग संग फोटो खिंचवाने में व्यस्त था। मौका था दून वैली कैनल क्लब की ओर से आयोजित सालाना डॉग शो का।

डॉग शो में इस बार खूंखार से ज्यादा सामान्य और प्यारे डॉग नजर आए। इनके स्टॉलों पर लोगों की काफी भीड़ रही। ज्यादातर लोग इन डॉगों के साथ सेल्फी लेते हुए दिखे। इस शो में टॉय पोम, टॉय पंप डॉग, चाऊ-चाऊ आदि ब्रीड के कुत्ते आकर्षण का केंद्र थे।

शो में बेल्जियम मेलोनिस, फॉक्स टेरियर, मालटीस, वेल्श कॉर्गी, श्नौजर, केन कोरसो, सामोएड, कैविलर किंग्स चार्ल्स स्पैनियल, पैकनीज, रामपुर हाउंड, कारवन हाउंड, राजा पल्लयम हाउंड आदि नस्ल के कुत्तों ने प्रतिभाग किया।

इस शो में पशु प्रेमियों की काफी भीड़ देखने को मिला। देर शाम विजेताओं के नाम की घोषणा की गई। डॉग की तिब्बतियन मास्टिफ और ग्रेडेन ब्रीड ने जलवा बिखेरा। डॉग शो में करीब 300 कुत्तों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आईएएस बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

दून वैली कैनल क्लब के सचिव नवनीत चौधरी ने बताया कि डॉग शो सुबह 10 बजे के करीब शुरू हुआ, लेकिन डॉग प्रेमी सुबह तड़के से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान कई राज्यों के डॉग प्रेमी अपने कुत्तों के साथ पहुंचे। जज स्टेनली शैन (सिंगापुर), योगेश टूटेजा (अमृतसर) ने कुत्तों की कैटवॉक करवाकर उनकी खूबियों को परखा। जिसके बाद टैलेंट के हिसाब से विजेता तय किए।

उन्होंने बताया कि 64वां और 65वां राष्ट्रीय स्तर का डॉग शो रविवार को आयोजित किया गया। डॉग शो में चाओ चाओ ब्रीड के चंगेज नाम के डॉग ने लोगों का अपनी खूबसूरती व गुणों से दिल जीत लिया। इस डॉग की खासियत है कि ये देखने में काफी सुंदर है। ग्रेडेन ब्रीड और तिब्बतियन मास्टिफ ब्रीड के डॉग आकर्षण का केंद्र रहे।

इन्होंने अपनी हाइट की वजह से लोगों को खूब प्रभावित किया। ग्रेडेन ब्रीड के डॉग लेकर इस शो में गुरुग्राम से पहुंचे संजय दुग्गल ने बताया कि इसकी कीमत 75 हजार से शुरू होती है। जोकि ढाई लाख रुपये तक है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, महाराष्ट्र आदि राज्यों से भी लोगों शो में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विभिन्न ब्रीड के कुत्तों की बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाए हुए थे। जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। यहां आठ हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक के कुत्तों की बिक्री हुई। बताया गया कि इस दौरान करीब 10 लाख रुपये का कारोबार हुआ।



# प्रदर्शन के बाद राजभवन और सीएम आवास का सुरक्षा घेरा किया मजबूत, आसपास धारा 144 लागू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राजभवन के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है। पुलिस ने राजभवन और सीएम आवास आने वाले रास्तों पर दोनों और नए बैरिकेड लगाकर पुलिस तैनात कर दी है। बैरिकेड के बीच और राजभवन व सीएम आवास के आसपास धारा 144 भी लागू रहेगी।

शनिवार को अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में राजभवन के सामने प्रदर्शन हुआ था। अतिसंवेदनशील इलाके में भीड़ की पुलिस के साथ नोंकझोंक हुई थी। सुरक्षा में लापरवाही के चलते अधिकारियों को चिंता हुई तो क्षेत्र की सुरक्षा की समीक्षा की गई।

एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि डीजीपी के निर्देश पर यहां की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। अब राजभवन और सीएम आवास के पास दोनों ओर दो बैरिकेड और लगाए गए हैं। इन पर सादे कपड़ों में पुलिस तैनात कर दी गई है। बिना चेकिंग इस रास्ते कोई नहीं निकलेगा। पांच या इससे अधिक लोग खड़े पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


राजभवन पर प्रदर्शन के मामले में एसएसपी ने कैंट व ऋषिकेश के एसएचओ और एक दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। आरोप है कि इन्होंने सूचना मिलने पर भी लापरवाही बरती और सुरक्षा संबंधी कोई उपाय नहीं किए।

एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि यह क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। यहां आने से पहले सभी की सुरक्षा संबंधी जांच होनी चाहिए। हर खुफिया सूचना पर ध्यान देकर अतिरिक्त प्रबंध किए जाने चाहिए। शनिवार को प्रदर्शनकारी ऋषिकेश से चले थे। लेकिन, ऋषिकेश एसएचओ रवि सैनी ने प्रदर्शनकारियों की लगातार निगरानी नहीं की। इसके चलते ये देहरादून आ पहुंचे और राजभवन के सामने प्रदर्शन किया।

कैंट थाने के एसएचओ राजेंद्र सिंह रावत को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने भी यहां सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं किए। कैंट थाने के दरोगा जगत सिंह ने भी प्रदर्शनकारियों के आने की सूचना मिलने पर भी सुरक्षा संबंधी कोई कार्रवाई नहीं की। लिहाजा तीनों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। कैंट एसएचओ की जगह इंस्पेक्टर विनय कुमार को कार्यवाहक एसएचओ बनाया गया है।



# केदारनाथ की तर्ज पर अब महासू देवता व जागेश्वर मंदिर का बनेगा मास्टर प्लान : सतपाल महाराज





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 5 दिसम्बर , श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ धाम की तर्ज पर अब हनोल स्थित महासू देवता और अल्मोड़ा स्थित जागेश्वर मंदिर के विकास हेतु मास्टर प्लान तैयार कर उनका विकास किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने अपने एक बयान में कहा है कि श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ धाम की तर्ज पर अब हनोल स्थित महासू देवता और अल्मोड़ा स्थित जागेश्वर मंदिर के विकास हेतु भी मास्टर प्लान तैयार कर उनका विकास किया जाएगा।पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि आई. एन. आई. से श्री केदारनाथ धाम में वास्तुविद सेवाएं ली गई हैं। क्योंकि हनोल स्थित महासू देवता और अल्मोड़ा स्थित जागेश्वर मंदिर का विकास केदारनाथ धाम की तर्ज पर किया जाना है। इसलिए उसकी एकरूपता के दृष्टिगत आई.एन.आई. को सिंगल सोर्स के माध्यम से अनुमति प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। अनुमति मिलते ही हनोल और जागेश्वर मंदिर का मास्टर प्लान तैयार कर श्री बद्रीनाथ- श्री केदारनाथ की तर्ज पर उनका विकास किया जाएगा।

# विजय दिवस की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ मंत्री जोशी ने की बैठक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 5 दिसम्बर, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ॰विजय दिवस॰ के कार्यक्रम की तैयारियों ओर उसकी रूपरेखा को लेकर बैठक की । बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने विभागीय अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गौरतलब है कि 16 दिसम्बर को देहरादून स्थित गांधी पार्क में विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं व आश्रितों को सम्मानित भी किया जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि विजय दिवस के कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से आयोजित हो, इसके लिए कार्यक्रम से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएं, उन्होंने कहा 1971 के युद्ध में शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं व आश्रितों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित करने के भी निर्देश। इस अवसर पर सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृत लाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# धारचूला में मजदूरों पर नेपाल की ओर से पत्थराव बंद कराया झूलापुल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

धारचूला के घटखोला में काली नदी किनारे दीवार (तटबंध) निर्माण के दौरान नेपाल की ओर से की गई पत्थरबाजी के कारण निर्माण कार्य में लगा नेपाली मूल का एक मजदूर घायल हो गया। मिनी स्टेडियम के पास भी मजदूरों पर पथराव किया गया। नेपाली नागरिकों ने भारत-नेपाल को जोड़ने वाले अंतरराष्ट्रीय झूलापुल को बंद कर दिया। इससे दोनों तरफ चार बरातें फंस गईं। नेपाल की तरफ झूलापुल पर इकट्ठी भीड़ को खदेड़ने के लिए नेपाल पुलिस ने लाठीचार्ज किया जिसमें एक भारतीय रमेश कुटियाल को भी चोटें आईं। पुलिस-प्रशासन ने छह बजे पुल खुलवा दिया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

बाढ़ से धारचूला कस्बे की सुरक्षा के लिए इन दिनों सिंचाई विभाग काली नदी किनारे तटबंध बना रहा है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के मजदूर रविवार को घटखोला में तटबंध निर्माण के कार्य में लगे थे, तभी नेपाल की ओर से कुछ लोगों ने पथराव कर दिया।



निर्माण स्थल पर पथराव करने से वहां अफरातफरी मच गई। निर्माण में लगे मजदूर पत्थरों से बचने के लिए इधर-उधर भागे। कुछ देर बाद ही मिनी स्टेडियम के पास भी मजदूरों की ओर पत्थर फेंके गए। निर्माण कार्य में लगे डडेलधूरा नेपाल निवासी जय सिंह सिर पर पत्थर लगने से घायल हो गया। मजदूर को धारचूला के संयुक्त अस्पताल ले जाया गया जहां उसके सिर में पांच टांके लगे। नेपाल की ओर से पत्थर फेंके जाने से निर्माण कार्य प्रभावित हुआ। पत्थरबाज नेपाली नागरिकों ने अपनी तरफ से झूलापुल को भी बंद कर दिया।

पत्थरबाजी की घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम दिवेश शाशनी, एसएसबी के निरीक्षक कश्मीर सिंह समेत नेपाल प्रहरी के भी कई जवान मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि इस मामले में नेपाल के अधिकारियों से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा।

नेपाल क्षेत्र से पत्थरबाजी करने वाले लोगों ने नेपाल की तरफ से पुल को बंद करा दिया। चार बजे बंद पुल बंद कर दिए जाने के कारण दोनों तरफ भारत और नेपाल के लोग फंसे रहे। चार बरातें भी दोनों ओर फंसी रहीं। नेपाल क्षेत्र में लोगों की भीड़ को हटाने के लिए नेपाल पुलिस ने लाठीचार्ज किया जिसमें भारतीय क्षेत्र के रमेश कुटियाल को भी चोटें आईं। छह बजे पुल खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

नेपाल की ओर से जब रविवार को लोगों ने भारत की ओर पथराव किया तो नेपाल पुलिस भी वहां पर मौजूद थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नेपाल पुलिस ने पथराव कर रहे लोगों को रोकने का प्रयास नहीं किया और मूकदर्शक बनी रही।

धारचूला में नेपाल की तरफ से पत्थरबाजी के बाद दोनों देशों के स्थानीय प्रशासन के अधिकारी पूरी तरह सतर्क नजर आए। पत्थरबाजी की घटना के बाद नेपाल के सीडीओ दिर्घराज उपाध्याय ने भारत के धारचूला पहुंचकर एसडीएम दिवेश शाशनी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से मामले को सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिलकर सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था और संबंधों को मधुर रखने के प्रयास किए जाएंगे।

पिथौरागढ़ के एसपी, लोकेश्वर सिंह ने कहा कि नेपाल की ओर से चार-पांच लोगों ने धारचूला में तटबंध निर्माण कर रहे मजदूरों पर पथराव किया। एक मजदूर के सिर में चोट लगी है। उसका उपचार धारचूला के संयुक्त अस्पताल में किया गया। इस मामले में स्थानीय प्रशासन की ओर से दार्चुला नेपाल के अधिकारियों से बातचीत की जा रही है।

# डीजीपी अशोक कुमार ने घायलों की मदद करने वालो को दिया Good Samaritans का सम्मान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून , 5 दिसम्बर , पुलिस मुख्यायल स्थित सभागार में अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा पौड़ी गढ़वाल के थाना धुमाकोट क्षेत्रांतर्गत सिमड़ी गांव के पास हुई बस दुर्घटना में राहत, खोज एवं बचाव कार्य में पुलिस का सहयोग एवं घायलों की सहायता करने वाले स्थानीय लोगों को Good Samaritans Scheme के तहत कुल 85 हजार रूपए नगद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आपको बता दें कि 4 अक्टूबर को जनपद पौड़ी गढ़वाल के थाना धुमाकोट क्षेत्रांतर्गत सिमड़ी गांव के पास देर सायं बारात की एक बस गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, जिसमें 34 लोगों की मृत्यु एवं 19 लोग घायल हुए थे। इस विषम परिस्थितियों में राहत, खोज एवं बचाव कार्य में स्थानीय लोगों (जनार्दन प्रसाद जोशी, राजेश कुमार, संदीप सिंह, दिनेश सिंह रावत, जितेंद्र सिंह, संदीप सिंह, आशीष जोशी व प्रवेन्द्र सिंह) द्वारा पुलिस का काफी सहयोग किया।

इस अवसर पर अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तराखंड में ही हर वर्ष हम 1000 जिंदगियां सड़क हादसे में खोते हैं। पूरे देश में यह आकड़ा लगभग डेढ़ लाख है, जो बहुत बड़ी संख्या है। इसके प्रति केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार बहुत गंभीर है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में कमी लाये जाने के उद्देश्य से Good Samaritans Scheme प्रारम्भ की गयी है, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले अच्छे व्यक्ति/व्यक्तियों (Good Samaritans) को पुरस्कृत किया जाता है। इसी क्रम में राज्य सरकार के अनुमोदन से उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा Good Samaritans पुरस्कार योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति निम्नलिखित कार्यों में से कोई कार्य करता है, तो उत्तराखण्ड पुलिस उसे नगद इनाम और प्रशंसा पत्र प्रदान करती है।

सड़क सुरक्षा के लिए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आम लोगों की भूमिका है। लोग पुलिस को सूचना देने से डरते हैं कि पुलिस अनेक तरह के सवाल पूछेगी लेकिन इन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण किसी की जिंदगी बचाना है इसीलिए यह स्कीम चलाई गई है। आप लोग इस राज्य में यह पुरस्कार पाने वाले पहले लोग हैं और आप सभी ने बहुत अच्छा किया बहुत मेहनत आप लोगों ने की है इतनी रात में घायलों को इतनी गहरी खाई से लाया गया। आप लोगों ने रिस्क उठाकर इतना बड़ा कार्य किया है उसके लिए हम आप सब के आभारी हैं।

सेवा का कार्य पुरस्कार के लिए नहीं बल्कि किसी की जिंदगी बचाने के लिए किया जाता है। जिसे हमने स्कीम के साथ शुरू किया है जिससे सभी लोगों तक एक पॉजिटिव मैसेज जाएगा। हमें लोगों के मन से यह भ्रांति निकालनी है कि अगर किसी की सहायता करेंगे तो पुलिस हमसे ही सवाल पूछेगी। ऐसा नहीं है आप आगे बढ़कर सहायता करेंगे तो पुलिस आपको सम्मानित करेगी। यही संदेश हम देना चाहते हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं Good Samaritans के साथ दुर्घटनाओं के कारण एवं उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा भी की गयी।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी- पी वी के प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना एवं सुरक्षा- ए पी अंशुमान, पुलिस उप महानिरीक्षक, यातायात- मुख्तार मोहसिन, पुलिस उप महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र- करन सिंह नगन्याल, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था- सुश्री पी0 रेणुका देवी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवाओं को नशे से बचाने के लिए एसपी चमोली प्रमेन्द्र डोबाल की मुहिम से जुड़ा नागरिक मंच



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



चमोली , 5 दिसम्बर , जैसा हम जानते हैं हमारी युवा पीढ़ी में अनेक प्रकार की विकृतियां देखने को मिल रही है जिस कारण अनेक अप्रिय घटना सुनने की मिल रही है जिसका नशा एक मुख्य कारण है। बच्चों एवं युवाओं के गलत संगत में पड़कर नशे की ओर आकर्षित होने से बचाने हेतु पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। हमारा कल सुरक्षित हो इस हेतु नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के समूह नागरिक मंच चमोली गोपेश्वर चमोली पुलिस के साथ लगातार प्रयास कर रहा है।

इसी क्रम में नागरिक मंच चमोली द्वारा पुलिस विभाग,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,शैक्षणिक संस्थाओं व छात्रों के अभिभावकों के साथ श्री 1008 गीतास्वामी राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर में जागरुकता बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिमरनजीत कौर सचिव जिला सेवा प्राधिकरण चमोली मुख्य वक्ता के रुप में रही है। पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद कुमार व पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह द्वारा नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस के लिए एक सूचना तंत्र के रुप में कार्य करें और अपने आस पास होने वाली गतिविधियों से पुलिस को अवगत कराएं। पुलिस हर नागरिक के सहयोग के लिए है, हम एक दूसरे का सहयोग कर अल्प समय में ही इस विकृति को समाप्त कर सकते हैं। पुलिस विभाग द्वारा प्रजन्टेशन के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को उत्तराखण्ड पुलिस एप के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं की भागेदारी अधिक संख्या में रही। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजा तिवाड़ी द्वारा किया गया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान,प्रधानाचार्य रा0इ0का0 गोपेश्वर धर्म सिंह ,श्रीमती ऊषा रावत,नवल भट्ट,पीयूष बिश्नोई,सुनील पुण्डीर आदि मौजूद रहे।

# गुरु तेग बहादुर जैसे बलिदान की दुनिया में मिसाल नहीं : सूर्यकान्त धस्माना



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 5 दिसम्बर , सिख पन्थ के नौवें गुरु श्री तेगबहादुर जी के बलिदान दिवस पर आज गुरुद्वारा श्री तेगबहादुर गांधी ग्राम में अखंड पाठ की समाप्ति व शब्द कीर्तन व गुरु के लंगर के साथ मनाया गया । दरबार साहब अमृतसर से प्रसिद्द रागी भाई किरपाल सिंह ने गुरु तेगबहादुर जी के लिखे शब्द कीर्तन गा कर संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर गुरु तेग बहादुर जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी का देश व धर्म के लिए किया गया बलिदान दुनिया में एक ऐसी मिसाल है जिसकी तुलना किसी अन्य बलिदान से नहीं कि जा सकती। कॉंग्रेस लीडर धस्माना ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी को पता था कि उनको अपने धर्म न त्यागने व इस्लाम कुबूल न करने पर मौत की सजा मिलेगी किंतु वे अपने धर्म पथ पर अडिग रहे और बिना सी किये उन्होंने अपना शीश देश व धर्म के लिए कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी का जीवन ध्यान, भजन भक्ति व सेवा में बीता तथा उन्होंने 26 वर्षों तक ध्यान साधना की। सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी के सुपुत्र सिख पंथ के दसवें व अंतिम देहधारी गुरु श्री गोबिंद सिंह ने अपने पिता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश व धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की व अपना सर्वस्व देश और काम के लिए कुर्बान कर दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के राजा सिंह कलेर, अशोक गोलानी , शिव सेना के उत्तराखंड प्रमुख गौरव कुमार, अनुज दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दून एसएसपी ने अपराध गोष्ठी में दिए कड़े निर्देश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह कुंवर ने पुलिस लाईन देहरादून मे जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियो तथा थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए कई दिशा-निर्देश जारी किये है ।

1. सभी थाना प्रभारी अपने कार्यों कि स्वयं समीक्षा करें, प्रत्येक दिन अभियान चलाकर वांछित अभियुक्तों, इनामी अभियुक्तों, गैर जमानतीय वारंट, प्रार्थना पत्र आदि का निस्तारण करें।

2. शिकायत प्राप्त होने पर शीघ्र मौक़े पर पहुँचे, शिकायत का नियमानुसार निस्तारण करें।

3. भूमि सम्बंधित प्रकरणों में बिना जांच व मेरे आदेश के कोई अभियोग पंजीकृत नहीं किया जायेगा।

4. कल से अभियान चलाकर बाहर से आये हुये, व्यक्तियों का सत्यापन करें, संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें।

5.थाना व चौकी पर शिकायतकर्ता को रिसीविंग दी जाये। शिकायत को समयबद्ध निस्तारण करें।

6. मेरे द्वारा दिये गये आदेश निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करें, लापरवाही पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही कि जाएगी।

7. नशे के आदि व्यक्तियो को सप्ताह में 02 बार थाने बुलाकर काउंसिलिंग कि जाये। उन पर निरंतर नजर रखी जाये।

8. एटीएम, बैंक, जेवेलेरी शॉप के आस पास घूमने वालो पर नजर रखी जाये, संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही कि जाये।

9. दिनांक 1.12.22 से चलाये जा रहे वांछित इनामी अभियुक्तों व मफरूरो कि गिरफ्तारी कि जाये, इन पर इनाम कि धनराशि बढ़ाई जाये।

10. NDPS के अपराध में लिप्त मुख्य आरोपीयों कि गिरफ्तारी के प्रयास किये जाये। मैन सोर्स का पता लगाया जाये।

11. गुंडा act के अभियुक्तों के विरुद्ध जिला बदर व गैंगस्टर act के अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये, सम्पति अधिग्रहण करने कि कार्यवाही करें। गैंगस्टर के अभियुक्तों कि अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति का 03 माह में जानकारी करें, इस पर लापरवाही करने पर विभागीय कार्यवाही कि जाएगी।

12. अभियान चलाकर गौरा शक्ति aap के सभी महिलाओ को जानकारी दी जाये, इसका प्रभावी प्रचार प्रसार किया जाये।

13. पूर्व वर्षो के लंबित विवाचनाओ का शीघ्र निस्तारण किया जाये।

14. Cm पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण स्वयं थाना प्रभारी करें। इसमें किसी प्रकार कि लापरवाही अपेक्षित नहीं है।

15. सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थानों से प्रत्येक दिवस 03 से 04 टीमें अलग अलग स्थानों पर भेजते हुए ठेली/रेडी/भिक्षावृत्ति/औजार बेचने वालों/सुनारो के यहां काम करने वालों/विभिन्न संस्थानों में कार्यरत मजदूरों व अन्य व्यक्तियों का सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे।

16. महिला सम्बंधित पोक्सो व बलात्कार के अपराधों में 02 माह में आरोपत्र माननीय न्यायालय प्रेषित करें। समयवधि में आरोप पत्र प्रेषित न करने पर विवेचक के विरुद्ध कार्यवाही कि जाएगी।



17. गंभीर अपराधों हत्या, लूट, डकैती आदि कि विवेचनाओ का निस्तारण समय से करें।

18. किसी भी प्रकार से अवैध खनन न होने पाये।

19. सम्मन, वारंट का निस्तारण शतप्रतिशत करें। इस पर किसी प्रकार कि लापरवाही ना कि जाये।

20. शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु थानाध्यक्ष रानीपोखरी को, गैर जमानतीय वारंट कि तमिल हेतु प्रभारी निरीक्षक डोईवाला व थानाध्यक्ष चकराता को तथा कुर्की वारंट के तामिल के लिये प्रभारी निरीक्षक पटेलनगर व प्रेमनगर को नगद पुरस्कार दिया गया।

उक्त गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक यातायात/नगर/ग्रामीण/अपराध , अपर पुलिस अधीक्षक दूरसंचार तथा समस्त क्षेत्राधिकारी, नगर / देहात क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस लाईन देहरादून मे मे उपस्थित रहकर गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।*

# शादी का ऐसा 'दमदार' कार्ड पढ़कर दिमाग चकरा जायेगा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 5 दिसंबर , आजकल लोग ख़ास मौकों को यादगार बनाने के लिए गज़ब के तरीके खोज लेते हैं। शादी में तो नए आइडियाज़ की बाढ़ ही आ गयी है। आज हम आपको ऐसे ही अनोखे शादी के कार्ड के बारे में बता रहे हैं जिसको बनाने वाले ने कमाल का दिमाग लगाया है। इस अनोखे वेडिंग कार्ड को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर thestock-marketindia नाम की आईडी से शेयर किया गया है, जिसे अब तक 7 हजार से भी अधिक लाइक्स मिल चुके हैं, जबकि लोगों ने तरह-तरह की मजेदार प्रतिक्रिया भी दी हैं. शादी का ऐसा 'दमदार' कार्ड देखा है कभी? लोग बोले- पढ़कर तो दिमाग ही चकरा गयाशादी का ऐसा 'दमदार' कार्ड देखा है कभी?

वायरल हो रहा वेडिंग कार्ड कुछ ऐसा ही है. इस कार्ड पर जो मैटर लिखा हुआ है, वो पूरा का पूरा स्टॉक मार्केट पर ही आधारित है. खास बात ये है कि इस कार्ड में स्टॉक मार्केट के दुनिया के सबसे बड़े धुरंधरों का नाम भी लिखा हुआ है. आपने देखा होगा कि आमतौर पर शादी के कार्ड में भगवान का नाम यानी 'श्री गणेशाय नमः' लिखा हुआ होता है, लेकिन इस कार्ड में भगवान के नाम की जगह राकेश झुनझनवाला, वॉरेन बफेट और हर्षद मेहता का नाम लिखा हुआ है. यह वेडिंग कार्ड महाराष्ट्र के नांदेड़ के रहने वाले एक डॉक्टर का है और दुल्हन भी डॉक्टर ही है. हालांकि यह कार्ड असली है या किसी ने मजाकिया तौर पर बनाया है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है.




# रात कार हादसाः सेहरा उतारकर मुंडन कराया, फिर पिता और भाभी को नम आंखों से दी मुखाग्नि, भतीजे को दफनाया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

धौलछीना (अल्मोड़ा)। अल्मोड़ा के बखरियाटाना में बरात की कार हादसे में मारे गए दूल्हे के पिता जयंत सिंह, भाभी अंकिता का अंतिम संस्कार शनिवार शाम बागेश्वर के श्मशान घाट पर किया गया। दूल्हे दिनेश के सिर से सेहरा भी नहीं उतरा था कि उसे मुंडन कराना पड़ा।

पिता, भाभी से आशीर्वाद लेने के बजाय उनकी चिता को मुखाग्नि देनी पड़ी। भतीजे समर के शव को गांव के ही श्मशान घाट में दफनाया गया। दूल्हे की बहन सीमा का अंतिम संस्कार उसके ससुराल डोटियालगांव में किया गया।

दूल्हे ने पिता और भाभी के शव को मुखाग्नि दी। शवयात्रा में बढ़ी संख्या में लोग शामिल रहे। दूल्हे की मासूम भतीजी अक्षिता रौतेला और भांजी योगिता बार-बार अपनी मां को पुकार रहे हैं। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दूल्हे दिनेश समेत परिवार और गांव के लोग इस हादसे से स्तब्ध हैं। विवाह होने के बाद दूल्हा दिनेश दुल्हन को विदा कर अपने घर लौटा था। गांव वाले भी बरात के घर पहुंचने का इंतजार कर रहे थे।

दूल्हा को घर पहुंचने के बाद शादी की अन्य रस्म पूरी कर पिता, भाभी, बहन का आशीर्वाद लेना था लेकिन कार हादसे में तीनों की मौत हो जाने से उसे उनका आशीर्वाद भी नहीं मिल सका। एक साथ परिवार के चार सदस्य खोने के बाद वह कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। हादसे के बाद सभी मेहमान लौट गए हैं और घर में सन्नाटा पसरा है।

बहन सीमा भाई दिनेश की शादी में काफी उत्साहित थी। सीमा का अंतिम संस्कार उसके ससुराल डोटियाल गांव में किया गया। पिता, भाभी के अंतिम संस्कार के लिए दूल्हे के बागेश्वर जाने से वह बहन के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग में पैक नहीं होगा बाबा केदार का प्रसाद, पैकेट पर लगेगा क्यूआर कोड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। चौलाई से तैयार होने वाले केदारनाथ प्रसाद की पैकिंग सिंगल यूज प्लास्टिक बैग में नहीं की जाएगी। प्रसाद की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के साथ ही आकर्षक डिजाइन वाली पैकिंग की जाएगी। प्रसाद जूट के बैग या कपड़े के थैले में दिया जाएगा। साथ ही प्रसाद के पैकेट पर क्यूआर कोड भी होगी। राज्य में एक जिला दो उत्पाद में रुद्रप्रयाग जनपद को चौलाई फसल के लिए चुना गया है।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों व प्रसाद संघ से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक में केदारनाथ प्रसाद के रूप में तैयार किए जाने वाले चौलाई के लड्डूओं की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही प्रसाद की पैकिंग किसी भी रूप में सिंगल यूज प्लास्टिक बैग में न करने को कहा है।

उन्होंने जिला उद्योग महाप्रबंधक को प्रसाद पैकिंग के लिए डिजाइन वाली पैकिंग के सैंपल 15 दिसंबर तक तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को चौलाई का पर्याप्त भंडारण करने को कहा, जिससे आगामी यात्राकाल में लड्डू व चूरण बनाने में सामग्री की कमी न हो। उन्होंने कहा कि प्रसाद पैकेट में क्यूआर कोड की व्यवस्था की जाए, जिससे उसके निर्माण की पूरी जानकारी ग्राहक को पता चल सके।



जिलाधिकारी ने केदारनाथ प्रसाद से जुड़े महिला समूहों, संस्थाओं से मंदिर की अनुकृति के लिए उपलब्ध कच्चे माल पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, महाप्रबंधक उद्योग हरीश चंद्र हटवाल, मुख्य कृषि अधिकारी योगेंद्र सिंह चौधरी, केदारनाथ सोवेनियर ग्रोथ सेंटर के भाष्कर पुरोहित, केदारनाथ प्रसाद संघ के रघुवीर कंडवाल मौजूद थे।

# भाजपा विधायकों का भी होगा चिंतन शिविर, जल्द घोषित होगी तिथि : महेन्द्र भट्ट



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर भाजपा भी अपने सभी विधायकों का एक चिंतन शिविर करेगी। जल्द ही पार्टी इसकी तिथि घोषित करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने ऐलान यह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा दूसरे दलों से इसलिए अलग है, क्योंकि संगठन और उसकी सरकारों के स्तर पर जो कहा जाता है, उसे जमीन पर उतारती है।

भट्ट प्रदेश पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद पार्टी ने अपने चुनाव दृष्टिपत्र पर काम शुरू किया। एक-एक कर सभी वादे पूरे हो रहे हैं। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सभी क्षेत्रों के लोगों के सुझाव लिए जाने हैं, इसलिए इसका कार्यकाल बढ़ाया गया।

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता बनाने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। दूसरे राज्य भी उत्तराखंड का अनुसरण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा आएगा जब कांग्रेस भी यूसीसी का समर्थन करेगी, जैसे कांग्रेस ने महिला क्षैतिज आरक्षण बिल का समर्थन किया। धर्मांतरण विधेयक पारित कर प्रदेश सरकार ने जबरन धर्म परिवर्तन करने वालों के खिलाफ बेहद सख्त कानून बनाने जा रहा रही है। इसमें देश में सबसे अधिक सजा का प्रावधान किया गया है।

इस कानून को लेकर हमारी नीति और नीयत साफ थी। तभी सड़क पर विरोध करने वाली कांग्रेस को भी सदन में इस बिल का समर्थन करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जबरन व प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक वाले इस कानून व महिला क्षैतिज आरक्षण कानून को लेकर जनजागरण के उद्देश्य से पार्टी विशेष संवाद कार्यक्रम कल से शुरू करने जा रही है। अब तक जिन नौ राज्यों में अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कानून बने हैं उनमें सबसे अधिक सजा का प्रावधान उत्तराखंड में ही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर पार्टी में एक दिव्यांग प्रकोष्ठ बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों का प्रतिनिधित्व और सक्रियता को बढ़ाने के लिए प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है।


# सिरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका पर किया जानलेवा हमला, सरिये से लगातार किए कई वार, अधमरा कर हुआ फरार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार के सिडकुल थाना क्षेत्र में एक सरफिरे प्रेमी ने विवाहिता प्रेमिका पर सरिये से जानलेवा हमला कर दिया। एक के बाद एक कई वार कर महिला को अधमरा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल भिजवाया। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया

पुलिस के मुताबिक, रेनू मिश्रा (30) ग्राम रौतापुर कला खुद्दार जिला शाहजहांपुर सिडकुल की एक फैक्टरी में काम करती है। जबकि मृदुल कुमार निवासी ग्राम रौतापुर कला खुद्दार जिला शाहजहांपुर भी वहीं नौकरी करता है। रेनू शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। दोनों सिडकुल क्षेत्र में किराये के मकान में अलग-अलग रहते हैं। महिला का पति भी एक फैक्टरी में कार्यरत है।

पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। शनिवार की रात दोनों में किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। मृदुल ने मारपीट शुरू कर दी।



सरिये से रेनू पर एक के बाद एक कई वार कर लहूलुहान कर दिया। सिडकुल थाना प्रभारी प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि कुछ दिन से महिला उसका फोन नहीं उठा रही थी। इस बात को लेकर वह नाराज था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

पुलिस का कहना है कि महिला के गले पर भी 11 घाव हैं। आशंका जताई जा रही है आरोपी गले पर किसी धारदार हथियार से वार किए हैं।

महिला की गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एसडीएम सदर को अंतिम बयान दर्ज सूचित कर दिया है। फिलहाल महिला की हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी भी की जा रही है।

# नशे में डॉक्टर ने कराई डिलीवरी, बच्चे की मौत, नवजात के शरीर पर मिले कट के निशान

रुद्रपुर। जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद नवजात की मौत हो गई। इससे भड़के स्वजनों ने डॉक्टर पर नशे की हालत में उपचार कर लापरवाही का आरोप लगाया है। इस दौरान उनकी चिकित्साकर्मियों से झड़प भी हुई। बाद में पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और लोगों को शांत कराया। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बस अड्डा कॉलोनी गदरपुर निवासी फईम की पत्नी नगमा गर्भवती थी। शनिवार सुबह उसे दर्द शुरू हुआ तो स्वजन नगमा को जिला अस्पताल लेकर आ गए। जिला अस्पताल में नर्सों ने नगमा को भर्ती कर लिया और उस दौरान डॉक्टरों ने कहा कि बच्चा नॉर्मल होगा।



## संपादकीय

# कांग्रेस के 'सेल्फ गोल'

अमरीका के राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन ने कहा है कि वह जी-20 के मंच पर अपने प्रिय मित्र प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने और मिलने को उत्सुक हैं। दोनों देश जलवायु, ऊर्जा और खाद्य संकट जैसी साझा चुनौतियों से निपटने को तैयार हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युल मैक्रों ने जी-20 की अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कमोबेश ऐसी ही भावनाएं प्रकट की हैं। अन्य राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों ने भी भारत की अध्यक्षता को सकारात्मक माना होगा और जी-20 मंच की सार्थकता के लिए साझा प्रयासों की बात कही होगी। इसी 1 दिसंबर से भारत जी-20 समूह की अध्यक्षता कर रहा है। आगामी शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 को तय किया गया है, जो राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस अवधि के दौरान देश के प्रमुख, ऐतिहासिक शहरों में, विभिन्न विषयों पर, जी-20 के सदस्य देशों की बैठकें होंगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत के जी-20 एजेंडे का समर्थन किया है। आईएमएफ का मानना है कि भारत मौजूदा वैश्विक संकटों से जुड़े मुद्दों पर आम सहमति बनाने की योजना पर काम कर रहा है। भारत सशक्त भविष्य का सामूहिक एजेंडा देशों के सामने रखेगा, यह पूरी उम्मीद है। दरअसल यह सम्मेलन प्रधानमंत्री मोदी को नहीं, भारत राष्ट्र को मिला है। यह बारी-बारी से देशों के हिस्से आती है। भारत को भी इंडोनेशिया ने अध्यक्षता सौंपी है। यह वैश्विक जिम्मेदारी कूटनीतिक है, तो अहम मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश भी है। वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका, प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक भारतीयता को महत्त्वपूर्ण आंका गया है, लिहाजा जी-20 की अध्यक्षता करने का दुर्लभ अवसर मिला है। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने इस आधार पर भी राजनीति करने की कुंठित कोशिश की है। दरअसल कांग्रेस को 'सेल्फ गोल' करने में महारत हासिल है। जब से उसका बिखराव शुरू हुआ है और देश ने राजनीतिक तौर पर 'अप्रासंगिक' मान लिया है, तब से कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी उसके प्रत्यक्ष निशाने पर हैं। बल्कि यह विरोध नफरत के स्तर का है। कांग्रेस की सबसे लंबे वक्त तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री से जुड़े फैसले, घटनाक्रम और उपलब्धियों का कांग्रेस ने घोर विरोध किया है। जी-20 ताज़ातरीन मामला है। भारत फिलहाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कार्यवाही की भी अध्यक्षता कर रहा है। भारत ब्रिक्स देशों के संगठन का भी नेतृत्व कर चुका है। ये सब अंतरराष्ट्रीय दायित्व रहे हैं। जी-20 समूह दुनिया के शक्तिशाली, समृद्ध, विकसित और विकासशील देशों का संगठन है।

# तीनों आरोपितों का होगा नार्को टेस्ट, 10 दिन के अंदर दाखिल होगा आरोप पत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। वनंतरा प्रकरण में बड़ी अपडेट सामने आई है। युवती की हत्या करने वाले तीनों आरोपितों का नार्को टेस्ट होगा। इस बात का खुलासा एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था वी मुरुगेशन ने किया है। टेस्ट के लिए पुलिस जल्द कोर्ट में प्रार्थना पत्र जारी करेगी।

वहीं रिसॉर्ट में कार्यरत युवती की हत्या के मामले में एसआइटी 10 दिन के अंदर आरोपितों के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर सकती है।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडीजी ने बताया कि 10 दिन के अंदर-अंदर चार्जशीट जारी कर दी जाएगी। हत्या, साक्ष्य मिटाने, आपराधिक षड्यंत्र, अनैतिक कार्य के लिए दबाव डालने के तहत चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

रिसॉर्ट में वीआईपी के मामले में एडीजी ने दोहराया कि वहां पर वीआइपी रूम है। उसमें ठहरने वालों को ही वीआइपी कहा जाता है। घटना वाले दिन उस कमरे में कोई नहीं ठहरा था। घटना के पहले व बाद कमरे में जो भी ठहरा था उनसे पूछताछ कर ली गई है।

सूत्रों की मानें तो इस मामले में एसआइटी ने काफी इलेक्ट्रानिक व फोरेंसिक साक्ष्य जुटा लिए हैं। हालांकि, चंडीगढ़ लैब भेजे गए साक्ष्यों में से एक-दो की रिपोर्ट अब तक एसआइटी को नहीं मिल पाई हैं। आरोप पत्र दाखिल करने के लिए एसआइटी इन्हीं रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

वहीं मामले की सीबीआइ जांच की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने के मामले में एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने दो कोतवाल और एक दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

एसएसपी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के सीएम आवास तक पहुंचने के मामले में कैंट कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, दरोगा जगत सिंह और ऋषिकेश के इंस्पेक्टर रवि कुमार सैनी को लाइन हाजिर कर दिया है।

तीनों के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी गई है। इसके अलावा प्रदर्शनकारी सीएम आवास तक न पहुंच पाए इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से आसपास दो बैरियर बढ़ा दिए गए हैं, जहां पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। वही हाथीबड़कला के निकट लगाई धारा 144 को सीएम आवास के बाहर भी लागू कर दिया गया है।

पौड़ी की रहने वाली युवती की हत्या 18 सितंबर को ऋषिकेश स्थित चीला नहर में धक्का देकर कर दी गई थी। उसका शव 24 सितंबर को नहर से बरामद किया गया था। युवती की हत्या के आरोप में पौड़ी जिले के यमकेश्वर विकासखंड में स्थित रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्या और उसके दो साथियों सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था।

तीनों आरोपित जेल में बंद हैं। मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी ने युवती की गुमशुदगी दर्ज करने में देरी के लिए क्षेत्र के पटवारी को निलंबित कर दिया था। घटना के करीब ढाई माह बाद भी कई पहलू अनसुलझे हैं, जिनको सुलझाने के लिए लगातार आरोपितों के नार्को टेस्ट की बात उठ रही है। इसके अलावा मृतक युवती और आरोपित पुलकित आर्या का मोबाइल भी एसआइटी बरामद नहीं कर पाई है।

# राजकीय इंटर कालेज में अचानक रोने और चीखने लगीं छात्राएं, रहस्यमयी ढंग से हुईं बेहोश, हड़कंप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



लोहाघाट। उत्तराखंड के लोहाघाट के राजकीय इंटर कालेज रमक में छात्राओं के रोने चिल्लाने और बेहोश होने की घटना के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार को विद्यालय पहुंची। टीम ने छात्राओं की काउंसिलिंग की। इस दौरान अभिभावक भी मौजूद रहे।

कुछ समय बाद छात्राएं स्वयं ठीक हो गईं

सीएमओ डा. केके अग्रवाल, सीईओ जितेंद्र सक्सेना के नेतृत्व में चंपावत, पाटी, देवीधुरा से पहुंची स्वास्थ्य और मनोचिकित्सकों की टीम ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। शनिवार को भी छह छात्राएं रोने, चिल्लाने के साथ बेहोश हो गईं। बताया जा रहा है कि कुछ समय बाद छात्राएं स्वयं ठीक हो गईं।

काउंसलिंग में निर्णय लिया गया कि जिन छात्राओं में अभी तक उक्त प्रकार के लक्षण नहीं पाए गए हैं। वह विद्यालय आएंगी और जिन छात्राओं में लक्षण पाए जा रहे हैं वह अवकाश पर रहेंगी। उनका चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य शमशाद अली सहित शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

वहीं खटीमा के स्वास्तिक स्कूल आफ नर्सिंग कालेज में जीएनएम एवं एएनएम के पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ इस्टर फैक्ट्री के महाप्रबंधक अजय मेहता, स्वास्तिक हास्पिटल के डायरेक्टर डा. विवेक अग्रवाल, डा. शिप्रा अग्रवाल, मैनेजर अंजनी विक्रम सिंह, प्रशासक विनोद मलिक, स्वाति अग्रवाल व प्रीति अग्रवाल ने नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।

प्राचार्य दिनेश कुमार गुप्ता ने नर्सिंग की छात्राओं को जलता हुआ दीपक हाथ में देकर सेवा भावना की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नर्सिंग पेशे में मरीजों की सेवा का अवसर मिलता है। उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में आने पर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रशासक मलिक ने नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा जिस भावना से फ्लोरेंस ने युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की मदद कर उनकी जान बचाई, ठीक उसी प्रकार की भावना से प्रेरणा लेकर छात्राओं को मरीजों की सेवा करनी होगी। समपर्ण की भावना से करियर को नया आयाम देना होगा।

स दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं ने किया। इस मौके पर कालेज अध्यक्ष देवेंद्र सेन, गोविंद जोशी, पलविंदर कौर, दीपिका, पुष्पा धामी, प्रियंका, सोनी, संगीता, सुषमा जोशी, सूरज कुमार, विशाल, रेखा आदि मौजूद थे।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान आज, पीएम मोदी और शाह अहमदाबाद में डालेंगे वोट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



गुजरात विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण के लिए आज मतदान होगा। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद में अपना वोट डालेंगे। अपने पैतृक राज्य के दौरे पर आए पीएम मोदी सोमवार सुबह अहमदाबाद के रानिप स्थित निशान स्कूल में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री ने अपनी मां हीराबेन मोदी से गांधीनगर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। एक तस्वीर में पीएम मोदी मां हीराबेन के पैर छूते नजर आ रहे हैं। पीएम ने अपनी मां के पास बैठकर शाम की चाय भी पी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद के नारनपुरा के अंकुर में कामेश्वर मंदिर के पास, नगर निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय में अपना वोट डालेंगे। शाह के सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे मतदान केंद्र पर पहुंचने की संभावना है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी सोमवार को अहमदाबाद के बूथ संख्या 95, शिलाज प्राइमरी स्कूल में वोट डालेंगे।

गुजरात में अंतिम चरण में मतदान करने वाले अन्य प्रमुख लोगों में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के दावेवार इसुदन गढ़वी, गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर, क्रिकेटर इरफान पठान, हार्दिक पांड्या और क्रुनाल पांड्या शामिल हैं। इनके अलावा वडोदरा के शाही परिवार, कांग्रेस नेता और सांसद शक्तिसिंह गोहिल और पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला भी सोमवार को वोट डालेंगे।

140 से अधिक सीटें हासिल करने का भाजपा का लक्ष्य

गैरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं। 2017 के गुजरात चुनावों में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कुल 182 सीटों में से 99 सीटें मिली थीं। पार्टी पिछले 27 वर्षों से सत्ता में है। इस बार पीएम मोदी, अमित शाह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल के नेतृत्व में पार्टी अपनी सबसे बड़ी जीत के तौर पर 140 से अधिक सीटें हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। गुजरात लंबे समय से भाजपा का गढ़ रहा है और पार्टी की निगाहें सातवें कार्यकाल के लिए सत्ता में वापसी पर टिकी है।

61 दलों के 833 उम्मीदवार मैदान में

त्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 93 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होगा। गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में 61 दलों के 833 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला 2.51 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे। चुनाव आयोग ने 26,409 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं और लगभग 36,000 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का मतदान के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। सुविधापूर्वक चुनाव कराने के लिए 14 जिलों में लगभग 29,000 पीठासीन अधिकारियों और 84,000 से अधिक मतदान अधिकारियों को तैनात किया गया है।

गुजरात की मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी भारती के अनुसार, कुल 26,409 मतदान केंद्रों में से 93 आदर्श मतदान केंद्र हैं, 93 इको-फ्रेंडली बूथ बनाए गए हैं। वहीं 93 मतदान केंद्र दिव्यांगों के लिए और 14 युवाओं के लिए बनाए गए हैं। दूसरे चरण में 13,319 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। भारती ने कहा कि कुल 2,51,58,730 मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें से 1,29,26,501 पुरुष, 1,22,31,335 महिलाएं और 894 ट्रांसजेंडर हैं।

दूसरे चरण की 93 सीटों पर मतदान अहमदाबाद, गांधीनगर, मेहसाणा, पाटन, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, महिसागर, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, आणंद, खेड़ा और छोटा उदयपुर जिलों में होगा। अंतिम चरण के प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में घाटलोडिया, विरमगाम और गांधीनगर दक्षिण सबसे ज्यादा चर्चित है। घाटलोडिया गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का विधानसभा क्षेत्र है, विरमगाम से पाटीदार नेता हार्दिक पटेल भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और गांधीनगर दक्षिण से भगवा पार्टी ने अल्पेश ठाकोर को मैदान में उतारा है।

विपक्ष के नेता कांग्रेस के सुखराम राठवा छोटा उदयपुर से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि विरमगाम, वडगाम और घाटलोडिया सीटों से लखाभाई भारवाड़, जिग्नेश मेवाणी और अमी याज्ञनिक जैसे प्रमुख कांग्रेसी नेता चुनावी मैदान में हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) से देवगढ़बरिया से भरत वाखला, दियोदर से भीमा चौधरी, गांधीनगर दक्षिण से दौलत पटेल, विरमगाम से कुंवरजी ठाकोर और घाटलोडिया से विजय पटेल अंतिम चरण में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

बता दें कि एक दिसंबर को पहले चरण के मतदान के दौरान गुजरात में कुल 63.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। कच्छ, सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात क्षेत्रों के 19 जिलों में फैले 89 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह 8 बजे मतदान शुरू हुआ था। गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे।

# जयशंकर और बेयरबॉक के बीच होगी अहम वार्ता , चीन और यूक्रेन पर चर्चा संभव



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर और जर्मनी की उनकी समकक्ष एनालेना बेयरबॉक के बीच सोमवार को होने वाली वार्ता में चीन के साथ भारत के संबंध और यूक्रेन पर रूस के युद्ध के नतीजों पर चर्चा होने की संभावना है। बेयरबॉक दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचेंगी।

जर्मनी के दूतावास द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बेयरबॉक ऐसे वक्त में भारत की यात्रा कर रही हैं, जब यूक्रेन पर रूस के युद्ध के वैश्विक नतीजे सामने आ रहे हैं। बर्लिन में जर्मनी के संघीय विदेश कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा के दौरान तेल, कोयला और गैस के अलावा ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर भी बातचीत की जाएगी।

दूतावास ने कहा, भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर के साथ बेयरबॉक की वार्ता में चीन के साथ भारत के संबंधों के साथ ही यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध और उसके नतीजों पर चर्चा किए जाने की संभावना है, उदाहरण के लिए ऊर्जा क्षेत्र में।

# G-20: भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर दुनिया के नेताओं ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत द्वारा जी-20 समूह की अध्यक्षता संभालने पर मिली शुभकामनाओं के लिए रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों समेत विश्व के कई नेताओं को धन्यवाद कहा। साथ ही वैश्विक भलाई के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया।

भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर बाइडन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को धन्यवाद। आपका बहुमूल्य समर्थन भारत की जी-20 अध्यक्षता के लिए शक्ति का स्रोत होगा। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी मिलकर एक बेहतर पृथ्वी का निर्माण करें। इससे पहले शुक्रवार को अपने ट्वीट में बाइडन ने कहा था कि भारत अमेरिका का एक मजबूत भागीदार है और वह भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।

पीएम मोदी ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल को भी उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, धन्यवाद चार्ल्स मिशेल। आपकी सक्रिय भागीदारी के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम सामूहिक रूप से वैश्विक भलाई की दिशा में काम कर रहे हैं।

मिशेल ने जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत को बधाई दी थी। पीएम मोदी ने शुभकामनाओं के लिए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, शुक्रिया पेड्रो सांचेज। आने



वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर पृथ्वी बनाने के लिए वर्तमान की चुनौतियों को कम करते हुए सामूहिक रूप से काम करने पर आपके विचारों का पूरी तरह से समर्थन करता हूं।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी ट्वीट कर भारत को जी-20 की अध्यक्षता के लिए बधाई दी थी। किशिदा के ट्वीट पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपकी एकजुटता महत्वपूर्ण है। जापान ने वैश्विक कल्याण में बहुत योगदान दिया है और मुझे विश्वास है कि दुनिया विभिन्न मोर्चों पर जापान की सफलताओं से सीखती रहेगी।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने ट्वीट किया, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाली है। मुझे अपने मित्र नरेंद्र मोदी पर भरोसा है कि वह हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे। मैक्रों के ट्वीट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, धन्यवाद, मेरे प्रिय मित्र इमैनुअल मैक्रों। मैं भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान आपसे बारीकी से परामर्श करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम मानवता को समग्र रूप से प्रभावित करने वाले मुद्दों पर दुनिया का ध्यान केंद्रित करने के लिए काम करते हैं।

बता दें कि भारत ने गुरुवार को औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। जी-20 यानी 20 देशों का एक समूह, जो दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। साथ ही ये देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (ग्लोबल जीडीपी) का 80 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत और विश्व जनसंख्या का दो-तिहाई हिस्सा है।